निर्मल ज्योति

निर्मला कॉन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज झाँसी

प्रधानाचार्या की कलम से . . . . . .

आदरणीय पाठकों, अभिभावकगण,अध्यापक,अध्यापिकाओं एवं प्यारे बच्चों, आजकल तकनीकी तथा विकास की दौड़ से परिवर्तित परिधानों के घटते मूल्य संस्कारों के बीच प्रवाह के अनुरूप बहने के बजाय, कुछ हटकर अपनी आवाज उठाने की चुनौती मैं आपके सामने रखती हूँ क्योंकि–

आजकल बोलते तो सब है, पर सबकी आवाज में ताकत नहीं होती,
प्रवाह को परिवर्तित करने की, हिम्मत नहीं होती,
चुटकी भर नमक से साम्राज्य हिलाने की गुर्रत नहीं होती,

सच्चाई के लिए मरने और मिट जाने की काबिलियत नहीं होती। आवाज उठाना स्वयं के लिए नहीं, वरन् दूसरों की भलाई व सुरक्षा के लिए नितान्त आवश्यक है।

समय की पुकार है, हम सबका जुनून है,
असंवेदनशील चुप्पी से मात्र बढ़ रहे हैं अपराध,
कबूतरों की तरह गुटरगू करता है, सदा मध्यम वर्गीय समाज।
हिम्मत है तो उकाबों की तरह उड़कर दिखा हे मानव,
तू नहीं तेरे कार्य बोलेंगे तब,और बदलाव की आंधी की शुरूआत होगी।
दे तू आवाज, बन तू आवाज, बन तू आवाज
सुन ईश्वर की वाणी, बन तू आवाज,
सुन धरती की पुकार, बन तू आवाज,
सुन दलितों की पुकार, बन तू आवाज,
जो न बोल सके उनके लिए, बन तू आवाज,
असहायों, दुखिःयों व पतितों के लिए, बन तू आवाज।

आवाज बनकर एक ऐसी बदलाव की ऑधी लानी है जो झकझोर कर रख दे। परम्परावादी प्राचीन रीति रिवाजों को,दास्य कर देने वाले पुरातन अंधविश्वासों को, सतत् चली आ रही पुरूष प्रधान पूर्ण धारणाओं को, जंजीरों मे कैद रखने वाली संकुचित मानव सोच को। प्यारे बच्चों समाज को कुछ देने के लिए स्वयं को सक्षम तथा सर्वगुण सम्पन्न बनाने का हर संभव प्रयास करें। मात्र परीक्षार्थी बनने की अपेक्षा ज्ञानार्थी बनने का प्रयत्न करें। जो यह अद्भुत और अनमोल आवाज बनने का स्वप्न मैने देखा है और आपके साथ बॉटा है तथा वार्षिकोत्सव में आपने इसका संदेश सर्वत्र फैलाया है, मैं आप सभी को हमारे देश की यही आवाज बनते देखना चाहती हूँ।

सिस्टर पूनम सी.जे
प्रधानाचार्या

शैक्षणिक कैलेण्डर

2023-2024

संपादकीय

सत्र 2023–2024 में वर्ष भर चलने वाले कार्यकमों को एक सूत्र में पिरो देने वाली विद्यालय की पत्रिका ''निर्मल ज्योति'' का संपादन एवं प्रकाशन करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि एक बार पुनः समस्त कार्यकमों को रूपरेखा सरल एवं सुबोध तरीके से पाठकों तक पहुँच सकेगी।

'निर्मला कॉन्वेंट अपनी स्थापना के .....79.....वर्ष पूरे करने जा रहा है। कहते हैं कि अनुभव भी एक पूरी की पूरी किताब होती है, उसी प्रकार से यह विद्यालय भी अपने नवीन अनुभवों के साथ नये आयाम जोड़ता जा रहा है और उम्र बढ़ने के साथ–साथ साल दर साल युवावस्था को प्राप्त हो रहा है।

पिछले वर्ष अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय ने अपना शैशवकाल प्रारम्भ किया था, जो अब प्रधानाचार्या एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के परिश्रम से सफलता प्राप्त करते हुए खड़े होने के लिए प्रयासरत है और आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आगामी कुछ ही वर्षों में छात्राओं को अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए यह विद्यालय इण्टरमीडिएट तक की कक्षाओं तक सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के एक श्रेष्ठ विद्यालय के रूप में होगा। इस वर्ष विभिन्न नवीन शिक्षणेत्तर गतिविधियों को रूपरेखा में सम्मिलित किया गया, जिससे छात्राओं का ज्ञानवर्धन हुआ। इस वर्ष के संस्करण की एक बात और बहुत खास होने जा रही है कि अब यह पत्रिका ई–बुक के रूप में भी पाठकों के समक्ष होगी जिसे विद्यालय की बेबसाइट पर डाला जाएगा।

आशा करती हूँ विद्यालय की यह पत्रिका 'निर्मल ज्योति' अपने नवीन अनुभवों के साथ नये–नये कलेवर में पाठकों के समक्ष इसी प्रकार पहुँचती रहे।

श्रीमती रेखा भार्गव (प्रवक्ता)

From the pen of the editor

In a world brimming with information, our curiosity becomes the compass guiding us through the vast expanse of knowledge. As we embark on the journey of exploration, let us not forget the essence of creativity that accompanies it. Our school serves as a guide to students, shaping their creativity and allowing them to express their talents and ideas on the pages of our magazines. Through its pages, we celebrate their critical thinking and artistic expression. Let us continue to embrace curiosity and creativity, for these are the driving forces propelling them towards a brighter and more enlightened future.

Nilam Gupta (Lecturer)



विरासत छोड़कर.....

विरासत जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। विरासत शब्द स्मृति में आते ही जो विचार सबसे पहले मस्तिष्क में आते है वह है धन–सम्पति संबंधी विरासत अथवा भौतिक साधनों से सम्बन्धित विरासत। किन्तु ऐसा नहीं है, कि विरासत केवल धन ,सम्पत्ति अथवा भौतिक सुख साधनों तक सीमित है। एक शिक्षक भी अपने छात्र–छात्राओं को विरासत के रूप में बहुत कुछ देता है। यह विरासत हमारे विचारों,कार्यों तथा नैतिक मूल्यों का प्रतिबिम्ब है। मेरा मानना है कि हम छात्र–छात्राओं के जीवन में एक सकारात्मक विरासत छाड़ने का प्रयास करते है। इसके कई प्रकार हो सकते हैं जैसे–

1. ज्ञान और शिक्षा – हम जो भी ज्ञान अथवा शिक्षायें अपने छात्र–छात्राओं को प्रदान करते हैं वे उन्हें जीवन में सफलता और खुशी प्राप्त करने में मदद करते हैं।
2. नैतिक मूल्य – शिक्षक–शिक्षिकायें अपने छात्र–छात्राओं को मानवीय मूल्यों और नैतिकता का पालन करने के लिए अभ्यस्त करते है। ये नैतिक मूल्य उसे अच्छा इंसान बनाते हैं।
3. कौशल और क्षमता – शिक्षक अपने छात्र–छात्राओं में विभिन्न कौशल और क्षमताओं का विकास करते है। जो उन्हे जीवन मे आने वाली चुनौतियों का सामना करने और कुशल जीवन यापन के योग्य बनाती है।

मैं भी इस विद्यालय में लगभग 20 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रही हूँ और इस वर्ष सेवा निवृत्त होने जा रही हूँ। यदि मैं सोचूँ कि मैं अपनी छात्राओं में क्या विरासत छोड़ कर जा रही हूँ तो शायद मैं स्वयं ही न कह सकूँ। लेकिन मेरी बनारस यात्रा के दौरान मिली विद्यालय की दो छात्राओं ने मुझे यह एहसास करा दिया। वे दोनों छात्राएँ थी –प्रतिष्ठा अग्निहोत्री और नित्या जैन। जैसे ही उन्होंने मुझे देखा वे मेरे पास मिलने आई। वे दोनों ही इस समय सरकारी पदों पर कार्य कर रही हैं और भोपाल में कार्यरत है। प्रतिष्ठा ने बताया कि इंटरव्यू से लेकर ऑफिस में कार्य करने तक मैं आपको बहुत याद करती हूँ। हिन्दी से सम्बन्धित प्रत्येक कार्य के लिए मुझे ही आगे किया जाता है यदि कहीं बोलने की बारी होती है। ता मुझे ही पूछा जाता है। तब मैं उन दिनों की याद करती हूँ जब कक्षा में शुद्ध उच्चारण के लिए आप मुझे टोकती थी। उस समय शायद यह टोकना अच्छा नहीं लगता था। पर आज उसके महत्व को समझ रही हूँ। मेरी समझ से एक शिक्षक द्वारा दी गयी यह विरासत ही है जो बच्चे के साथ सदैव रहती है। यह विद्यालय मेरे लिए मात्र एक इमारत या जीविकोपार्जन का साधन मात्र नहीं है। यहाँ की मिट्टी का एक–एक कण मेरा अपना है। इस मिट्टी में प्रतिदिन मुस्कुराहट से भरे सजीव फूल खिलते हैं। जिनमें खुशबू भरना हम शिक्षकों का काम है। मैं इन फूलों और यहाँ के कोने––कोने में अपने संगीत की झनकार छोड़ जाऊँगी। एक शिक्षक / शिक्षिका द्वारा अपने छात्र–छात्राओं को दी गयी यह विरासत ही है,जो उसे दृढ़ चरित्रऔर प्रभावी व्यक्तित्व वाला मानव बनाती है,जो जीवन भर उसके साथ रहती है। जो उसकी आत्मा का अंग बन जाती है और तब वह हमारे ही प्रतिबिम्ब के रूप में हमारे सामने होता है।

यदि ये विरासत छात्र–छात्राओं में सुचारू रूप से हस्तान्तरित होती रही तो मैं एक सुन्दर समाज का निर्माण होते देख रहीं हूँ।

श्रीमती रेखा भार्गव (प्रवक्ता)

एक सुबह

दिनॉक 17 मई, दिन बुधवार का था। कुछ ही दिन शेष रह गये थे,गर्मियों की छुट्टियॉ होने में। हम सभी छात्राएं अपनी कक्षाओं में बैठकर बेसब्री से इन्तजार कर रही थी 10 बजने का। क्योंकि यह वह दिन था जब हमारे विद्यालय में हमें प्रोत्साहित करने झॉसी महिला पुलिस थाने की अध्यक्ष (एस0एच0ओ0) श्रीमती नीलेश कुमारी जी आमान्त्रित थीं। हालॉकि वह दूसरी बार यहॉ आ रही थीं पर फिर भी उन्हें देखने और उनकी बातें सुनने के लिए छात्राएं उत्सुक थीं। एक महिला के चरित्र में जितने गुण होने चाहिए वे सभी उनमें विद्यमान है। वह एक सशक्त व निडर महिला पुलिस अधिकारी है।

कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक की छात्राएँ हॉल में एकत्र होकर अतिथि की प्रतीक्षा में अनुशासन से बैठी थीं। अचानाक हॉल में जिला विद्यालय निरीक्षक (डी0 आई0 ओ0 एस0) श्री ओम प्रकाश जी का आगमन हुआ, जिनका सभी ने तॉलियों से अभिवादन किया। वे विद्यालयों का निरीक्षण करने निकले थे। उन्होंने हम छात्राओं से बातें की। समाज में शिक्षकों की महत्ता व भूमिका से उन्होंने हमें अवगत कराया। ओम प्रकाश जी के विचार से एक सच्चे विद्यार्थी का गुण है– जिज्ञासा। अतः सभी विद्यार्थियों को जिज्ञासु होना चाहिए व कुछ समझ न आने पर हमें प्रश्न करना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के सन्देह को मन में नहीं रखना चाहिए।

उन्होंने हमें समझाया कि एक शिक्षक और विद्यार्थी के मध्य किस प्रकार के संबंध होने चाहिए। शिक्षक और विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक होते हैं। शिक्षक के बिना विद्यार्थी और विद्यार्थी के बिना शिक्षक का कोई अस्तित्व नहीं होता। इन्हीं वचनों के साथ महोदय जी ने हमारे विद्यालय से प्रस्थान किया।

कुछ क्षण उपरान्त ही महिला पुलिस थाना अध्यक्ष श्रीमती नीलेश कुमारी जी हम सभी के समक्ष उपस्थित थीं। उनकी उपस्थिति मात्र ही हमें गौरवान्वित कर रहो थीं। उन्होंने बालिकाओं के साथ समाज में हो रहे अपराधों के प्रति हमें सचेत किया। उन्होंने हमें बहुत–सी महत्त्वपूर्ण बातें बताई जिनमें से कुछ अग्रलिखित है–

- आत्मविश्वास जरूरी है,क्योंकि जब तब हम डरते रहेंगे, हमें डराने वाले बढ़ते रहेंगे।
- सबसे ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है अपनों से। किसी पर ऑख बन्द करके भरोसा नहीं करना है और हमेशा सतर्क रहना है।
- अपनी गट फीलिंग पर भरोसा करें, गुड टच और बैड टच के मध्य के अंतर को पहचानें व कुछ भी घटित होने पर सर्वप्रथम माता–पिता को बताएं।
- माता–पिता की बात मानें क्योंकि जब तक हम समझदार नहीं होते,दुनिया से परिचित नहीं होते,तब तक हमें संरक्षण की आवश्यकता होती है।
- किसी भी दुर्घटना की जानकारी पुलिस को देने में संकोच न करें। पुलिस की स्थापना समाज में हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ही की गई है।

अन्त में उन्होंने हमें एंटी रोमियो टीम की कुछ महिलाओं से परिचित कराया, जो पुलिस की ही एक शाखा है। यह दल निजी कपड़ों में हमारे आस–पास विचरण करते हैं। इस दल का उद्देश्य प्रदेश भर में, स्कूलों और कॉलेजों के बाहर लड़कियों के साथ हो रही छेड़छाड़ को रोकना है। इस कार्यक्रम की समाप्ति पर रेनू मिस ने आगंतुको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निष्कर्ष रूप में कहा कि हमें चॉद नहीं बनना है कि लोगों की नजरें हम पर उठती रहें। हमें सूरज बनना है ताकि हमारे ऊपर दृष्टि डालने का काई साहस ही न कर सके।

प्रेरणा वर्मा – 12 ए

विद्यार्थियों को सुनाए समाचार

प्रेमनगर ईसाई टोला के निर्मला कॉन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रार्थना सभा के दौरान छात्राओं को अमर उजाला में छपी खबरों के पढ़कर सुनाया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर पूनम, शिक्षिका रेखा भार्गव, रीना चतुर्वेदी, कन्हैया सोनी, राकेश दुबे, गजेंद्र सिंह, एंजेलीना रोड्रिग्स मौजूद रहीं। अमर उजाला

देश के वीरों के त्याग और बलिदान को सभी करें स्मरण : प्रकाश पाल

'मणिपुर में 60 फीसदी मैतई समाज के पास केवल 10 फीसदी संपत्ति'

पुराने दोस्त और शिक्षकों क
देख खिल उठे चेहरे

संवाद न्यूज एजेंसी

झांसी। निर्मला कॉन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को पहला पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। विद्यालय के पहले बैच से लेकर 2017 बैच तक के कई विद्यार्थी और पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। अपने पुराने दोस्तों और शिक्षकों से मिलकर सभी भावुक हो गए।

पुरातन छात्र सम्मेलन में मौजूद छात्र-छात्राएं।

निर्मला कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुआ पुरातन छात्र सम्मेलन

अखबारों की दुनिया में

छात्राओं ने बनाए ... पाए पुरस्कार

हम अक्सर अपने घरों में अपने बड़ों को अखबार पढ़ते देखते हैं। वे हमें भी समाचार पत्रों को पढ़ने का सुझाव देते हैं। परन्तु हम सभी को इस टेक्नोलॉजी की दुनिया में सारी जानकारी सोशल मीडिया से प्राप्त हो जाने के कारण समाचार पत्रों को पढ़ना समय की व्यर्थता प्रतीत होती है। परन्तु यह ठीक नहीं। अखबारों को पढ़ने से हमें अपने आस–पास ,देश–विदेश इत्यादि की सही जानकारियाँ प्राप्त होती है। समाचार पत्र हमारे ज्ञान–भण्डार को बढ़ाने के लिए एक अच्छा माध्यम ह।

जैसा कि हम जानते है कि राष्ट्र का विकास उस राष्ट्र के युवाओं द्वारा ही होता है। जिसके लिए देश के सभी युवाओं का शिक्षित और विश्वभर में होने वाली घटनाओं से परिचित रहना आवश्यक है। इसी पहलू को ध्यान में रखते हुये समाचार पत्र अमर उजाला संस्थापक द्वारा विद्यालयों में प्रश्नात्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दिनॉक 16 अक्टूबर 2023 को हमारे विद्यालय में भी यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खेल, यातायात, इतिहास तथा सामान्य ज्ञान इत्यादि सम्बन्धी प्रश्न पूछे गये। जिसमें भूमिका, आस्था, खुशी, हर्षिता, दीपिका, शिवानी इत्यादि छात्राओं ने अपनी भागीदारी से विद्यालय को गौरवान्वित किया इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में समाचार पत्रों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करना था। आप सभी के मन में प्रश्न होगा कि जब हमें सारी खबरें सोशल मीडिया से प्राप्त हो जाती है तो समाचार पत्र की आवश्यकता क्या है? कथन तो उचित है परन्तु ये बात तो हम सभी जानते हैं कि सोशल मीडिया अफवाहों का केन्द्र है। सोशल मीडिया पर उपलब्ध सभी खबरें सच नहीं होती। दूसरी ओर मीडिया, जो लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। उनमें से सबसे प्रमुख है– समाचार पत्र क्योंकि समाचार पत्रों की समस्त खबरे तथ्य संगत और प्रामाणिक होती है। अतः समाचार पत्रों की आवश्यकता भी यही है और लाभ भी यही। इसीलिए छात्र जीवन से ही सभी विधार्थियों को समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालनी चाहिए।

शोभना कुशबाहा कक्षा 12 ए

र्षिकोत्सव में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

डर से बनाएं दूरी, आत्मरक्षा है जरूरी

निर्मला कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में बालिकाओं को आत्मरक्षा के तरीके बताए

जार जगहों पर शान से लहराएगा तिरंगा

डाक विभाग ने मंडल में निकाली तिरंगा रैली

झाँसी

द सीक्रेट

मानव मन अनेक रहस्यों से भरा है जिसे समय–समय पर अनेक दार्शनिकों ने अपने विचारों के माध्यम से स्पष्ट करने का प्रयास किया है। किसी भी घटना,विचार,वातावरण या व्यक्तित्व का प्रभाव व्यक्ति पर दो प्रकार से पड़ता है– सकारात्मक या नकारात्मक। किशोरावस्था एक ऐसी अवस्था है जिसमें व्यक्ति पर विचारों और घटनाओं का प्रभाव अधिक तीव्रता के साथ पड़ता है। इस अवस्था में बच्चे शीघ्र ही उद्वेलित हो जाते हैं। जीवन के इन रहस्यों से हमें परिचित कराने के लिए हमारी प्रधानाचार्या ने एक पिक्चर दिखाई 'द–सीक्रेट'(आकर्षण का सिद्धांत) जिसमें अनेक दार्शनिकों ने अपने तथ्य प्रस्तुत किये जो ध्यान देने के योग्य है। विशेषकर विद्यार्थियों को इन्हें अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। ये तथ्य इस प्रकार है–

- हम जिस वस्तु के बारे में अधिक विचार करते हैं व जिसे पाने की चाह रखते हैं वह हमें मिल जाती है। परन्तु उसका भी एक निश्चित समय होता है जो निर्भर करता है कि आप उस वस्तु को कितनी शिद्दत से पाना चाहते है।
- हम किसी चीज को दो प्रकार से सोच सकते है–सकारात्मक या नकारात्मक। उदाहरणतया– हमारा दिन न बुरा न बीते कि जगह हम यह सोचे कि हमारा दिन अच्छा बीते।
- प्रत्येक व्यक्ति के मन में एक दिन में 60 हजार विचार आते है और हमारे विचार ही हमारे जीवन को बनाते है।
- हमारा शरीर अधिकतर हमारे मन के वश में कार्य करता है। यदि हम अपने मन में विचार करें कि मैं थक गया हूँ तो हम स्वंय ही थका हुआ अनुभव भी करते है।
- सभी व्यक्तियों की इच्छायें अलग–अलग होती है। और उनकी इच्छापूर्ति के लिए किसी भी साधन का अभाव नहीं है।
- अगर हालात हमारी इच्छानुसार नहीं है तो हमें अपनी ऊर्जा शिकायत करने में बर्बाद नहीं करनी चाहिए। हम जितनी खुशियॉ बॉटेगे उनसे दुगनी हम स्वंय पायेगें।

इस सेमिनार के माध्यम से हम सभी छात्राएं बहुत लाभान्वित हुई। कई बार हम स्वंय को अनेक उलझनों में पाते है। जिनके समाधान के लिए ये सेमिनार अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुआ। समय–समय पर विद्यालय परिसर में कक्षा 9 से कक्षा 12 की छात्राओं के लिए ऐसे ही सेमिनार होते रहने चाहिए।

भूमिका माहौर – 12 ए

शब्द

''ऐसी वाणी बोलिए,मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।''

हम अपने जीवन में बहुत सी बातें बहुत से शब्द बोलते हैं। जिनमें से कुछ शब्द ऐसे होते हैं। जो दूसरों के दिलों को छू जाते है और कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो दूसरों के दिलों में कॉटे की भॉति चुभ जाते है। शब्दों के द्वारा ही अपने पराए और पराए अपने हो जाते हैं। कई बार हम अपनों से ही कटु वचन बोल जाते हैं और जिसका पश्चाताप् हमें बाद में होता है। शब्द तो वे होते हैं जो शांत वातावरण को मनोरंजित कर दे। दु:खी जीवन में सुखों के रंग भर दे। जो मनुष्य जैसी वाणी बोलता है उसे वैसा ही फल मिलता है। कहने का तात्पर्य यह है कि–

'शब्द सम्हारे बोलिए शब्द के हॉथ न पांव
एक शब्द औषधि करे,एक शब्द करे घाव।'

अर्थात् हमें अपना एक–एक शब्द संभलकर बोलना चाहिए। हमारा एक शब्द दूसरों के लिए औषधि का काम करता है। और वही दूसरी ओर हमारा एक कटु शब्द दूसरों के लिए घाव की तरह काम करता है। अतः हमें सदैव मीठी वाणी बोलनी चाहिए।

पलक अहिरवार – 10 ए

मॉ

गोद में रख के हमको पाला।

अपने हाथों से खाना खिलाया
हर पल हर दम हमें सभांला
वो मेरी मॉ है
घर सॅवारते.. सॅवारते कई साल निकल गये
चुप.चुप सुनते बहुत काल निकल गये
क्योंकि तेरे बोलने से मॉ ना जाने कितने
रिश्ते थम गये, रिश्ते थम गये
हर पल तुम्हारा ख्याल रखेगी
कभी ना तुमसे सवाल करेगी
दर्द अपने कभी ना बतायेगी
खुशी अपनी किसी को ना जतायेगी
समझौता करना है उसका काम
मॉ है उसका नाम।

दीपाली– 10 बी

मॉ

मॉ मुझको अपने हाथों से तू खाना खिला दे,
फिर उसी गिलसिया में मुझको तू पानी पिला दे।
बैठा कर अपनी ममता की छॉव में,
मुझे फिर मेरे बचपन से मिला दे ।
न जाने कब से सोयी नहीं जिंदगी के इस शोर में,
तू सुना के लोरी मुझे फिर से सुला दे।
जिंदगी के इस सफर में लड़खड़ाती हूँ और गिर जाती हूँ।
तू पकड़कर मेरी उॅगली मुझे फिर से चलना सिखा दे।
जमाने ने छीन ली है मुझसे हॅसी मेरी,
मैं फिर खिलखिला के हॅस दूं, तू फिर कहीं गुदगुदा दे।
मॉ मुझे अपने हाथों से तू खाना खिला दे ।

सिदरा अहमद-12 सी

खुला आसमान

आज की बेटियॉं खुले आसमान मे,
पंख लगाकर उड़ने लगी है।

अपने सभी सपने अब हकीकत में,
दिन–प्रतिदिन पूरे करने लगी है।

अब नहीं बंधी पुराने जमाने की बेड़ियॉं,
अब हर पल स्वतंत्र जीवन जीने लगी है।

अब नहीं मॉंगती बाबुल से उपहार,
खुद कमाकर फरमाइशें पूरी करने लगी है।

पुराने जमाने में बेटी को कहॉं थे अधिकार,
अब तो हर क्षेत्र में अपना नाम करने लगी है।

पहले तो बटियॉं रह जाती थी दायरे में,
अब तो हर दायरे से दूर विस्तार करने लगी है।

पहले जमाने में कहॉं था वर चुनने का अधिकार
अब तो स्वयं चुनाव करने लगी है।

अच्छा –बुरा अब तो वो खुद समझने लगी हैं।
अब हर दबाब अस्वीकार करने लगी हैं।

सामाजिक परंपराओं में घिरी बेटियॉं,
अब तोड़कर हर दीवार पार करनेलगी हैं।

नई सोच में समाज का निर्माण करने लगी है,
अब हर प्रतियोगिता में भाग लेने लगी हैं।

शाहिना बानों – 12 ए

हम चार

जब आई थी मैं विद्यालय
ना था कोई मेरा मित्र
एक दूजे को जाना समझा
फिर बन गये हम सब मित्र
वैसे तो मेरे, बहुत हैं मित्र
पर हम चार हैं, सबसे विचित्र
हरदम रहते सबसे आगे
कभी नहीं मुश्किलों से भागे
हम चारों में है अलग खुबियॉं
एक हॅंसती तो एक गुस्साती
शैतानी हम खूब मचाती
किसी को ना हम दु:ख पहुँचाती
एक के पीछे सब लड़ जाती।
कक्षा में खूब मनोरंजन करती
दोस्ती हमारी सबसे अच्छी
और हमेशा रहेगी पक्की।

वंशिका राय 9 स

सपना

सपने ऐसे देखो कि दुनिया में,
मिसाल बन जाए।
काम ऐसा करो कि
दुनिया देखती रह जाए।
इतना भरोसा है खुद पर,
कि कुछ कर दिखाऊॅंगी।
अपना नाम दुनिया में,
जरूर बनाऊॅंगी।
बस इन्ताजार है उस दिन का,
जब सबकी मैं शबाशी पाऊॅंगी।
अपना और अपने माता–पिता का,
सिर ऊॅंचा उठाऊॅंगी।
गलती कर न घबराऊॅंगी,
गिरकर फिर खड़ी हो जाऊॅंगी।
लेकिन सपना तो जरूर,
पूरा करके दिखाऊॅंगी।

हिमांशी सिंह – 12 बी

बेटी द्वारा पिता को समर्पित

हर एक चहल कदमी यादगार है,
हर एक बात यादगार है।

पिता के साथ जीवन के पहलुओ को,
समझने का सिलसिला बरकरार है।

पाठशाला में पहले दिन जाने की घबराहट,
और उस घबराहट से निपटने की ताकत।

फिर सही–गलत को समझने की परख
फिर उससे मिलने बाली बड़ी राहत।

विवेक पूर्ण व्यवहार से
सीखने का सिलसिला बरकार है।

कठिन पथ पर निडरता, प्रत्येक कदम में सत्यता,
सुख–दुःख में समानता का संगीत देने वाले
पिता एक फनकार है।

पढ़ने का शौक हो या गाड़ी चलाने का शौक,
या नई जगह देखने का शौक हो, ...
पिता के साथ सब सपने साकार है।

मेरी हर कही अनकही बात के वे जानकार है।
मेरे जीवन में खुशियों के रंग भरने वाले चित्रकार है।
उनके साथ संस्कारों का सिलसिला बरकरार है।

हिना सिंह परिहार – 11 ए

फूलों का आभार

आज सुबह चिड़ियों ने गाकर गाना, फूलों को जगाया।
पत्तों ने ओस की बूंदो से,उनका मुंह धुलवाया।
सूरज ने सुनहरी किरणों से,उनको खूब सजाया।
बादलों ने तानकर छतरी,उन्हें धूप से बचाया।
बच्चों ने उनके सुर्ख रंगो को,आँखो में बसाया।
फूलों ने खिलखिलाकर,सबका आभार जताया।

वर्षामीना 9 सी

समय का महत्व

अँधियारा ढल जायेगा, उजियारा छा जायेगा।
समय का जो उपयोग करोगे,हर दुःख यूँ कट जायेगा।
अगर सफलता पानी है तो, कसौटी पर उतरना होगा।
बिना समय बर्बाद किये, परिश्रम तुम्हे करना होगा।
यदि ये तुमने कर लिया तो,परिश्रम का फल मिल जायेगा।
अँधियारा दल जायेगा, उजियारा छा जायेगा।

मुस्कान राय – 11 बी

मेहनत का फल मीठा

मेहनत का फल होता मीठा।
मेहनत बिन सब कुछ है सीठा।।
मेहनत की जो रोटी खाये।
सुख–समृद्धि जीवन में पाये।।
मेहनत से जो करते काम।
उनका होता जग में नाम।।
मेहनत बिन कुछ भी न होता।
मेहनत बिन नर सब कुछ खोता।।
मेहनत का सुखमय परिणाम।
मेहनत से यह जगत तमाम।।
इसका मंत्र सदा तुम जपना।
मेहनत से सब होता अपना।।

आशिकानायक 10 ए

दुःखियों का प्यार करो

सबसे ऊँची भक्ति सेवा,
इसका तुम प्रचार करो।
छोड़ो सारे धर्म के झगड़े,
और दुःखियों को प्यार करो।
छोड़ दो मोह माया का चक्कर,
डूबा है, हर शाम को दिनकर।
यह जीवन अनजान सफर है,
सबका तुम उपकार करो।

सिमरन 12 सी

जीवन इसी का नाम है।

छोड़ तम की क्षीणता को,
बन साहस का प्रतीक तू।
मत उलझ इस वेदना में,
याद रख है निर्भीक तू।
सुख–दुःख दो पहलू है जीवन के,
आना – जाना इनका काम है
मत हो उदास इन परिस्थितियों से,
अन्धकार के बाद सुबह,
और हर सुबह के बाद शाम है।
जीवन इसी का नाम है।

मानषीभास्कर 11 बी

कंकीट के जंगल

क्या मिला हमें, कंकीट के जंगल उगाकर।
सासों को तड़फ गये, धरती की हरियाली काटकर।
साफ आसमान को तरस गए, चलो फिर जुट जाएं।
जंगल उगाकर जीवन बचाए।
एक शाख पकड़कर, दस लोगों का फोटो खिचवाने से
होगा क्या हासिल।
चलो जितने पौधे लगाए, उन्हें वृक्ष होने तक बचाए।
अंधी दौड़ में शामिल होकर, सोचे हुआ क्या हासिल।
चलो धरती की चुनरिया, फिर से हरी रंगवाए।

मान्यासिंह 10 सी

मॉ मरियम

मॉ, तू कितनी शीतल पावन है,
लगती सबको मन भावन है।

तेरी ममता अपरम्पार है,
तू तो दया का भण्डार है।

मन से जो तुझको ध्याता है,
मुँह मॉगा फल वो पाता है।

दर तेरा पावन पवित्र है,
मॉ तेरा निर्मल चरित्र है।

तू तो स्वर्ग की रानी है,
बड़ी कोमल तेरी कहानी है।

जब दिल से तुझे पुकारा है,
मॉ तेरा मिला सहारा है।

संकटों से तूने उबारा है,
मैं दरिया तू ही किनारा है।

श्रीमती सविता शर्मा(अध्यापिका)

'अभिभावक के उद्‌गार'

(बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं की संघर्षमय दास्तॉ।)

आदरणीय प्रधानाचार्या जी,

सादर अभिवादन!

विद्यालय से संबंधित अपने अनुभवों को सांझा करने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं आपको साधुवाद देता हूँ। मेरी पुत्री शोभना कुशवाहा इस विद्यालय की कक्षा 12 ए की छात्रा है। मैंने अनुभव किया है कि यहॉ भिन्न–भिन्न विषयों को पढ़ाने वाले अध्यापक–अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों को सदैव उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता है। विशेष रूप से वर्ष भर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना और मनोंरंजन करते हुए बिना किसी तनाव के बच्चों को शिक्षा प्रदान करना उल्लेखनीय है।

मैंने सदैव अनुभव किया है कि इस विद्यालय में न केवल विषय ज्ञान बल्कि उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए वर्ष भर की रूपरेखा तैयार की जाती है। एक सुदृढ़ व्यक्तित्व के लिए जिन गुणों की आवश्यकता होती है। उन सभी को विभिन्न कार्यकमों के माध्यम से छात्राओं में उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है।

मानव मूल्य "जिसकी नींव बच्चो में विद्यालय स्तर पर ही पड़ जाती है और जीवन पर्यन्त उसके साथ रहती है।" इसकी शिक्षा इस विद्यालय में बखूबी दी जाती है। साथ ही सख्त अनुशासन में रहने की आदत द्वारा श्रेष्ठ संस्कारों का बीजारोपण करके छात्राओं को राष्ट्र की एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार किया जाता है। ताकि वे भी भविष्य में देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

ऐसे कई प्रमाण हैं कि यहॉ से पढ़ कर निकली हुई छात्राएँ आज विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। और अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन कर रहीं है।

एक बात और है जो मैंने इस विद्यालय में देखी है, यहॉ "अभिभावक–सेमिनार' का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें सम्मिलित होकर मैंने देखा है कि ये सेमिनार अभिभावकों को दृष्टिगत रखते हुए काफी लाभान्वित करने वाले हैं। बच्चों के पालन–पोषण में किन बातो का ध्यान रखना चाहिए, अभिभावकों को बच्चों के प्रति क्या सावधानियॉ रखनी चाहिए। इस पर बहुत अच्छे से विचार–विमर्श किया जाता है।

अन्त में मैं प्रधानाचार्या जी व समस्त विद्यालय परिवार के प्रति उनके द्वारा किये जाने वाले बहुमूल्य योगदानों के लिए तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ।

संतोष कुशवाहा
(अभिभावक)

खेल संसार के उभरते सितारे

खेल बनाम शारीरिक शिक्षा अर्थात खेलने से शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम होता है। जीवन में जितनी आवश्यक शिक्षा है उतना ही आवश्यक खेलकूद है। तभी यह उक्ति प्रचलन में है कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास हो सकता है।" खेल व्यक्तित्व का निर्माता होता है। एक स्वस्थ शरीर ही जो हमें आगे बढ़ने और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक होता है।

खेलों के उपर्युक्त महत्व को ध्यान में रखकर हमारे विद्यालय में विद्यालय स्तरीय और अन्तर्विद्यालयीय खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस वर्ष आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार से है–

- ऋषभ सरावगी मेमोरियल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगितायें जिनका आयोजन दिनॉक 01–09–2023 से 09–09–2023 तक किया गया। इन प्रतियोगिताओं में हमारे विद्यालय निर्मला कॉन्वेंट की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

जिनके परिणाम इस प्रकार से रहे–

1.एथलेटिक्स–1500 मीटर – अर्पिता स्वर्ण पदक
2.बॉस्केट बॉली जूनियर – स्वर्ण पदक
3.बॉलीवॉल जूनियर– स्वर्ण पदक
4.हैण्ड बॉल जूनियर – स्वर्ण पदक
5.किकेट जूनियर – स्वर्ण पदक
6.किकेट सीनियर – रजत पदक
7.फुटबाल सीनियर – रजत पदक

- विद्यालय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता–

विनर टीम – हरा दल – प्रथम स्थान
रनर अप – नीला दल – द्वितीय स्थान

- विद्यालय स्तरीय बॉलीबाल प्रतियोगिता–

विनर टीम – नीला दल – प्रथम स्थान
रनर अप – लाल दल – द्वितीय स्थान

- विद्यालय स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता–

विनर टीम – हरा दल – प्रथम स्थान
रनर अप – पीला दल – द्वितीय स्थान

- विद्यालय स्तरीय बॉस्केट बाल प्रतियोगिता–

विनर टीम – लाल दल – प्रथम स्थान
रनर अप – नीला दल – द्वितीय स्थान

इन प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्साह पूर्वक भाग लिया और उन खेलों में बहुत से अनुभव प्राप्त किये तथा मन में संकल्प लिया कि भविष्य में विजयी होकर वापस आयेंगे। ये प्रतियोगितायें इस प्रकार है–

प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता – आगरा
प्रदेश स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता – मेरठ
प्रदेश स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता – मिर्जापुर

गजेन्द्र सिंह (पी0टी0आई)

अंलकरण समारोह

यह सामान्य सी बात है कि सभी व्यक्ति एक समान नहीं होते। योग्यता, गुणों और कार्य–कुशलता के आधार पर उनके बीच में पर्याप्त भिन्नताएँ होती है। नेतृत्व का गुण किसी–किसी में ही होता है। परन्तु इतना निश्चित है कि नेतृत्व आदिकाल से मानव जीवन का हिस्सा रहा है। नेतृत्व अपने आप में बहुत से गुणों को समाहित किये रहता है जैसे–उत्साह स्फूर्ति,धैय,ईमानदारी,कर्त्तव्य निष्ठा, स्नेह, निर्णय शक्ति, समानता, रचनात्मकता,संकल्पशक्ति समर्पण इत्यादि। इन सभी गुणों की नीवं व्यक्ति में बाल्यकाल से ही पड़ जाती है। और इन गुणों की नींव डालने में विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अतः प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष सत्र 2023–2024 में भी विद्यालय में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए कप्तानों और उपकप्तानों का चयन किया गया। दिनॉक 15–07–2023 को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के अभिभावकों को भी आमन्त्रित किया गया। तथा मुख्य अतिथि के रूप बेसिक शिक्षा अधिकारी माननीया नीलम यादव जी को आमन्त्रित किया गया। सभी कप्तानों के अभिभावक भी कार्यकम के साक्षी रहे। कार्यकम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना नृत्य के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी कप्तानों और उपकप्तानों को ईश्वर को साक्षी मानकर कर्त्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गयी। प्रधानाचार्या सिस्टर पूनम एवं विद्यालय की प्रबन्धिका सिस्टर ऐलिस ने हैडगर्ल एवं वाइस हैडगर्ल को बैच एवं सेशे प्रदान किये एवं अन्य कप्तानों को अध्यापक/ अध्यापिकाओं द्वारा बैच व सैशे प्रदान किये गये। कार्यकम के अंत में मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण द्वारा छात्राओं को शुभकामनायें प्रदान की। जिन छात्राओं ने कप्तानों और उपकप्तानों के रूप में शपथ ली उनके नाम इस प्रकार है–

- हैड गर्ल –खुशी श्रीवास
- वाइस हैड गर्ल –प्रियांशी शर्मा

दल	कप्तान	उपकप्तान
❖लाल दल	दिव्या यादव	पलक वैदराज
❖पीला दल	प्रेरणा वर्मा	रागिनी रायकवार
❖हरा दल	आफरीन खान	रागिनी शाक्या
❖नीला दल	मुक्ता यादव	दिव्यानी जायसवाल
❖अनुशासन	भूमिका माहौर	आमीन खानम
❖खेल कप्तान	सिमरन	कृतिका खरे
❖पत्रिका संपादक	दीपिका कुमारी	मानसी भास्कर

विज्ञान प्रदर्शनी

आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ने हमारे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हर दिन कोई न कोई नयी खोजें हो रहीं है। दैनिक दिनचर्या से सम्बन्धित कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जिसे विज्ञान ने प्रभावित न किया हो। बस.....आवश्यकता है इसे जानने और समझने की। आज विभिन्न क्षेत्रों हो रही खोजों से परिचित कराने के लिए निर्मला कॉन्वेंट गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रधानाचार्या जी की प्रेरणा और विज्ञान शिक्षकों के निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

दिनॉक 22–09–2023 का दिन विद्यालय क लिए यादगार दिन रहा जब विद्यालय प्राङ्गण नन्हें बाल विज्ञानियों द्वारा बनाये गये विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल्स से भरा था। कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित एक से बढ़कर एक मॉडल बनाये। सभी मॉडल कियात्मक थे। इस प्रदर्शनी में जिन विषयों से संबंधित मॉडल बनाये गये वे इस प्रकार हैं–

- प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित– ज्वालामुखी विस्फोट का कियात्मक रूप, जल प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण के कारण और बचाव से संबंधित मॉडल।
- आविष्कारों से संबंधित– गोबर गैस प्लांट,द्रव चालित ब्रिज,द्रव चालित लिफ्ट,वाटर इंडीकेटर,सेंसर लाइट,सेंसर अलार्म, रोबोट,चन्द्रयान–2

इस प्रदर्शनी को देखने के लिए अभिभावकों को भी आमंत्रित किया। छात्राओं ने प्रभावशाली और स्पष्ट तरीके से मॉडल के कियान्वयन के विषय में अभिभावकों को समझाया। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण चन्द्रयान–2 व रोबोट रहे।

कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं ने कम्प्यूटर विषय से संबधित मॉडल भी तैयार किये थे जो आकर्षक का केन्द्र रहे। वे मॉडल्स इस प्रकार हैं–

1. रिंग टोपोलॉजी
2. स्टार टोपोलॉजी
3. लैपटॉप
4. कम्प्यूटर के विभिन्न भाग नेटवर्किंग
5. नेट वर्किंग

विद्यालय में मिल रहे इस प्रकार के उत्कृष्ट ज्ञान और छात्राओं द्वारा विज्ञान विषय से सम्बन्धित किये गये श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अभिभावकों ने प्रधानाचार्या जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

दीपांजलि महोत्सव

''चमक उठी सन् संत्तावन में, वो तलवार पुरानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी,वह तो झॉसी वाली रानी थी।।''

वीरागंना महारानी लक्ष्मीबाई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दैनिक जागरण द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसमें विद्यालय की सहभगिता भी होती रहती है।

इस वर्ष दीपांजलि महोत्सव के उपलक्ष्य में निर्मला कॉन्वेंट की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जैसे– मॉडल मेंकिंग, चित्रकला प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता इत्यादि। इस प्रतियोगिताओं में पुरूस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को दैनिक जागरण द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किय गये। पुरस्कार वितरण जिला जन कल्याण महासमिति के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ0 जितेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया पुरस्कार प्राप्त छात्राओं के नाम इस प्रकार है–

1. चित्रकला प्रतियोगिता –उन्नति कनौजिया 9–ए
2. चित्रकला प्रतियोगिता – विवाह 11–सी
3. निबंध प्रतियोगिता – दीपिका कुमारी 12–ए
4. निबंध प्रतियोगिता – प्रेरणा वर्मा 12–ए

श्री कन्हैया (प्रवक्ता)

पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता

प्रधानाचार्या जी की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप सत्र 2023–2024 के शैक्षणिक कैलेण्डर में इस वर्ष बुक रिव्यू अर्थात पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता को सम्मिलित किया गया। ये प्रतियोगिता विद्यालय में पहली बार आयोजित की जा रही थी। इसमें किसी एक पुस्तक को चुना जाता है। जिसमें निम्न बिन्दुओं के आधार पर उसकी समीक्षा की जाती है–

1 पुस्तक की भूमिका
2 लेखक की संक्षिप्त जीवनी
3 विषय (थीम)
4 मूल्यांकन एवं पुस्तक के विषय में स्वयं के विचार।
5 किस आयु वर्ग के लिए उपयोगी है। और क्यों?

यह प्रतियोगिता 24 जुलाई 2023 को रखी गयी। इसके लिए कक्षा 12 के पाठ्यकम से सत्य की जीत खण्ड काव्य को चुना गया। जिसकी समीक्षा उपर्युक्त बिन्दुओं के आधार पर की गयी। इस प्रतियोगिता के परिणाम अप्रत्याशित परिणाम प्राप्त हुए। यद्यपि इस खण्डकाव्य की कथावस्तु अत्यन्त प्राचीन है किन्तु वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। कवि ने इस कथा को अत्यधिक प्रभावी व युग के अनुकूल सृजित किया है। उन्होंने द्रापदी के चरित्र को प्राचीन काल की लाचार स्त्री के रूप में न दिखाकर आधुनिक काल की शक्ति शाली स्त्री के रूप में चित्रित किया है। जो अपनी रक्षा करने में स्वयं समर्थ है। कवि ने अपने लेखन कौशल से इस खण्डकाव्य में कृष्ण की अलौकिकता न दिखाकर एक सामान्य मानव को सामर्थ्यवान बनाया है।

यदि इस खण्डकाव्य को आधुनिक समय के साथ जोड़ कर देखा जाये तो हम देखते हैंकि लोक तन्त्रीय चेतना के इस युग में आज भी साम्राज्यवादी दुःशासनों की कमी नहीं है। ये दुःशासन दूसरों के मान–सम्मान, भूमि और सम्पत्ति हड़पने के लिए प्रतिक्षण घात लगाये हुए बैठे हैं। हमें इनका सामना कैसे करना है? इसकी प्रेरणा हमें यह खण्डकाव्य देता है। मेरे हिसाब से यह खण्डकाव्य प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी है और विशेष रूप से महिलाओं के लिए तो इसकी नितान्त आवश्यकता है।

इस प्रतियोगिता में जिन छात्राओं ने भाग लिया उनके नाम इस प्रकार है–

1.दिव्यांशी चतुर्वेदी 12–ए (प्रथम स्थान)
2.दीपिका कुमारी 12–ए (द्वितीय स्थान)
3.कृतिका शाक्या 12–बी (तृतीय स्थान)
4.वंशिका गुप्ता 12–सी (चतुर्थ स्थान)

सौजन्य से . . . .
हिंदी विभाग

Rani Lakshmi Bai

वाद–विवाद प्रतियोगिता

पूरे वर्ष के शैक्षणिक कैलेण्डर में उन सभी प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया जो छात्राओं के शारीरिक,मानसिक, तार्किक,बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में सहायक होती है। उन्हीं में से एक थी वाद–विवाद प्रतियोगिता... जिसे अगस्त माह में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था–'सोशल मीडिया का प्रयोग छात्र–छात्राओं के लिए कहाँ तक उचित है?''इसके पक्ष और विपक्ष में छात्राओं को अपने विचार रखने थे।

जैसा कि हम सभी इसके बारे में भली–भाँति जानते है कि सोशल मीडिया का प्रयोग आज कल बहुत अधिक प्रचलन में है। (हर चीज के दो पहलू होते है–अच्छा और बुरा।) इसने हर क्षेत्र और हर एक आयु के व्यक्ति पर अपना प्रभाव छोड़ा है यदि इसके लाभ है तो हानियाँ भी है। जब तक सोशल मीडिया का प्रयोग सोच–समझकर और सीमित दायरे में किया जाता है। तब तक यह सुविधाजनक और लाभप्रद है। किन्तु जहाँ इसके प्रयोग में लापरवाही की गयी वहीं यह व्यक्ति के जीवन में उथल–पुथल मचा देने का कार्य करता है।

16 से 18 वर्ष की आयु में जब छात्र–छात्राओं को अच्छे और बुरे की समझ नहीं होती है जब चिन्तन और भावना की दृष्टि से उनके मन कमजोर होते हैं। तब सोशल मीडिया उन्हें भ्रम की स्थिति में डाल रहा है। उनके अन्दर धैर्य और ठहराव की कमी हो रही है। वे बाहरी दुनिया की चकाचौंध में फँसते जा रहे हैं। परिणाम स्वरूप वे स्वयं को हानि पहुँचाने लगते हैं।

सोशल मीडिया क्या है इसका किस प्रकार से उपयोग किया जाये। युवा पीढ़ी को भटकाव की स्थिति से कैसे बाहर लाया जाये। इन सभी सवालों के जबाव वाद–विवाद प्रतियोगिता के माध्यम जुटाये गये। इसमें चारों दलों की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे–

- पक्ष – पलक वैद्यराज, रिषिका — 11–सी – (लाल दल) प्रथम स्थान; 12–सी – (हरा दल) द्वितीय स्थान
- विपक्ष – रागिनी मीना, मान्या — 11–सी – (नीला दल) प्रथम स्थान; 10–सी – (पीला दल) द्वितीय स्थान

अन्तर्विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता

विद्यालय के संस्थापक स्व0 सखाराम नेवालकर जी की पुण्यस्मृति के उपलक्ष्य में शहर के लोकमान्य तिलक कन्या इण्टर कॉलेज में प्रतिवर्ष वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी दिनॉक 18–12–2023 को यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी।इस प्रतियोगिता का विषय था – ''विद्यालयों में आयोजित होने वाली शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक है।'' इसके पक्ष तथा विपक्ष में प्रतिभागियों को अपने विचार प्रस्तुत करने थे।

शहर के अतिविशिष्ट गणमान्य नागरिक इस प्रतियोगिता के साक्षी बने। निर्णायक मंडल में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय तथा बिपिन बिहारी महाविद्यालय के प्रोफेसर्स को सम्मिलित किया गया।

इस वर्ष शहर के बारह विद्यालयों ने प्रतिभाग किया जिसमें निर्मला कॉन्वेंट की कक्षा 10 की दो छात्राओं ने भाग लिया तथा विषय को लक्षित करते हुए स्पष्ट रूप से खुलकर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्राओं के श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पुरस्कार स्वरूप 500 / – रूपये की धनराशि प्रदान की गयी। छात्राओं के नाम इस प्रकार है–

1. कु0 योशिता मिश्रा – 10 बी (पक्ष)
2. कु0 नैन्सी –10 बो (विपक्ष)

सौजन्य से....

हिंदी विभाग

टूटी डिब्बी(कहानी)

एक शानदार ओर सुहावना मौसम था क्लास में रचना और रन्नों खेल रहे थे। तभी अचानक रचना,क्लास की सबसे शैतान और हर वक्त लड़ने को तैयार रहने वाली लड़की की पेंसिल बॉक्स पर जा गिरी। '' डिब्बी टूट गयी थी।'' ऐसे उस शैतान लड़की ने मैम से बोला। मैम ने रचना को डॉटते हुऐ बोला,''क्या जरूरत थी, क्लास में खेलने की?'' उस शैतान लड़की ने मैम से कहा, ''मुझे नई डिब्बी चाहिए। नही तो मुझे डिब्बी के पैसे दिलवाइये।'' तब मैम ने रचना से कहा कि अब तुम क्या करोगी? तब रचना बोली,''हम कल नहीं पर धीरे–धीरे 15 रूपये की डिब्बी के पैसे इकट्ठे करके उसे डिब्बी खरीद कर दे देगे।'' रचना के पिता ज्यादा अच्छा काम नहीं करते थे। उसके 4 भाई–बहन थे। और पॉचवीं वो खुद। स्कूल से लौटकर वह सोचने लगी कि 15 रूपये कैसे जोड़े। उसने अपनी माँ की घर के कामों में मद्द की और उसे अठन्नी मिली। उसके पिता काम से देर रात को लौटते थे। जो भी पिता के लिए रात तक रूकता और उन्हें खाना परोसता था। उसे पिताजी द्वारा जब कभी कुछ पैसे मिल जाते थे। एक दिन रचना के दादाजी उसे और उसकी बहन को स्कूल से लेने आए। उन्होंने पूछा, ''बेटा क्या खाओगे?'' रचना ने कुछ भी खाने से मना कर दिया और दादाजी से पैसे ले लिए। ऐसे ही कुछ दिनों तक उसने 15 रूपये इकट्ठे किये और अगले दिन विद्यालय में रचना ने उस शैतान लड़की को डिब्बी खरीद कर दे दी।

उक्त कहानी से हमें दो प्रकार की शिक्षा मिलती है कि हमें कभी धर्य नहीं खोना चाहिए चाहे कितनी ही विपरीत परिस्थितियॉ क्यों न हो और दूसरी यह है कि हमारे अन्दर दूसरों को क्षमा करने का गुण होना चाहिए।

वैष्णवी यादव – 8 ए

मजदूर दिवस

(01 मई 2023)

उनकी गैर मौजूदगी में मंजिल हमेशा दूर है,
जो हमारे ख्वाबों को पूरा करता है,वोही मजदूर है।

कोई भी देश तब विकसित होता है,जब उस देश में कार्य करने वाले लोग मेहनती होते है। इन्हीं मेहनती लोगों के परिश्रम की सराहना करने हेतु हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे विद्यालय में 'मजदूर दिवस' को बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यकम का संचालन करते हुए श्री राकेश दुबे(प्रवक्ता) जी ने 'मजदूर दिवस' के महत्त्व को समझाया। कक्षा 12 की छात्राओं और सभी अध्यापकगण ने विद्यालय के सभी सह कर्मचारियों का माल्यार्पण और मिष्ठान के साथ स्वागत किया। छात्राओं ने एक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया कुछ कर्मचारियों ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकम के अन्त में हमारे विद्यालय की प्रधानायार्या जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ इस कार्यकम का समापन किया।

सर्दी गर्मी की परवाह नहीं,
बस मेहनत के फल की चाहत है।
सब काम सफल करके दिखलाए,
अदम्य उनका साहस है।

श्रीमती अर्चना सिंह
अध्यापिका

अभिभावक सेमिनार

जन्म दाता ही नहीं,जीवन दाता भी होते है,अभिभावक।
प्रतिकूलता सहकर भी,अनुकूल परिवेश देते है,अभिभावक
अभिभावक के प्रति मत बनों कृतघ्न।
बच्चों के बड़ा होने तक परवरिश देते हैं अभिभावक।

माता–पिता और शिक्षक का एक ही लक्ष्य होता है, बच्चे की सफलता। इसलिए आवश्यक है कि इन दोनों के बीच संवाद स्थापित हो। दोनों ही अपने अवरोंधों को दूर करें और साझा लक्ष्य की दिशा में काम करें। माता–पिता, शिक्षक और बच्चे की साझेदारी स्कूली प्रकिया को समृद्ध बनाती है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर पूनम द्वारा त्रिस्तरीय शिक्षक अभिभावक सेमिनार का आयेाजन किया गया। प्राइमरी,जूनियर और सीनियर। सेमिनार का प्रारम्भ एक प्रार्थना सभा द्वारा किया गया। तत्पश्चात निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया–

1. अभिभावक बच्चों को आस्थावान बनाऍं और उन्हें सही रास्ता दिखायें।
2. आज बच्चे बाहरी चकाचौंध की ओर खिंचे जा रहे हैं। अध्यापक और अभिभावक मिलकर उनके अन्दर वो शक्ति उत्पन्न करें कि वे सही–गलत को पहचान सकें। और भीड़ से हटकर अपना अलग ही रास्ता तय करें।
3. हमें बच्चों को जीतना है ताकि वे हम पर विश्वास कर सकें। विश्वास के वातावरण में ही वे अपने माता–पिता तथा शिक्षक के निर्देशन में कार्य कर सकेंगे।
4. आज शिक्षा के क्षेत्र में अवसरों की कमी नहीं है। इस लिए बच्चों में भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अतः माता–पिता उन्हें अपनी योग्यता के अनसार ही चुनाव करने के लिए प्रेरित करें। अपनी इच्छायें उन पर न थोपें।
5. संचार कान्ति के युग में सोशलमीडिया के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ रहा है। फलस्वरूप वे डिप्रेशन में आ रहे है। सोचने–समझने और ध्यान देने की क्षमता उनमें बहुत कम हो रही है। अतः आवश्यकता है कि अभिभावक अपने बच्चे पर ध्यान दें। उनके लिए पर्याप्त समय दें। घर में प्रार्थना और शान्ति का वातावरण बनाये रखे।
6. बच्चों को प्रारम्भ से सही ऐसे संस्कार दे कि वे एक अच्छे इंसान बनें। ताकि भविष्य में वे एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। संसार को बदलने का सामर्थ्य उनकें उत्पन्न हो।
7. शिक्षा का उद्देश्य बच्चे को पैसा कमाने की मशीन बनाना नहीं है। बल्कि ऐसी खुशी की ओर अग्रसर करना है। जहॉ उनकी अन्तरात्मा महक उठे।
8. विकास के इस युग आज भी समाज में लड़के–लड़कियों में भेद किये जाता है। अतः अभिभावकों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

सेमिनार के अन्त में अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि अभिभावक और शिक्षक बच्चे के दाऍं–बाऍं स्थित दो स्तम्भ के समान होते हैं। जब ये दोनों स्तम्भ बच्चे के साथ मजबूती से खड़े रहते है। तो बच्चे अपने आपको सुरक्षित महसूस करते है। ये सुरक्षा की भावना हो उनमें आत्मविश्वास जगाती है। अतः अभिभावकों का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहे तो हम अपने लक्ष्य में सफल हो सके।
सभी अभिभावकों ने प्रधानाचार्या जी सिस्टर पूनम का उनके द्वारा दिये गये सुझावों के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

श्रीमती रेनू रोबर्ट

स्वयं आगे बढ़े

अपने आपको धक्का देकर स्वयं आगे बढ़े।
क्योंकि कोई और आपके लिए नहीं करेगा।

वो कैसे?

1. एक लक्ष्य बनायें और उस पर अटल रहे।
2. असफल होनें से न डरें न अपना लक्ष्य बदलें।
3. खुद पर विश्वास रखें और उसे बनायें रखें।
4. मेहनत करने के लिए तैयार रहें।
5. खुद को बार–बार मोटिवेट करते रहें।
6. कुछ नया सीखते रहें।
7. भावनाओं पर काबू रखें ज्यादा न सोचे।

मैंने बहुत से लोगों को देखा है,जो अपनी अपनी जिंदगी में कीमती समय को बेकार की चीजों और फालतू बातों पर बर्बाद कर देते हैं। या अपनी दिनचर्या में ऐसे कामों पर या ऐसी बातों पर समय बर्बाद कर देते हैं। जिनसे उन्हें कोई फायदा नहीं होने वाला उल्टे उन्हें कभी–कभी मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। कुछ लोग बिना मतलब की बातों पर भी अपने दिमाग के घोड़े दौड़ाते रहते हैं,और भूत भविष्य की बातों पर उलझे रहते हैं।

बच्चों बे मतलब या बेकार की बातों या कामों के बारे में सोचने से या उन पर समय बर्बाद करने से न केवल मानसिक परेशानी और तनाव मिलता है। बल्कि अपनी खुशी और मुस्कुराहट भी आपसे दूर हो जाती है। जिससे आप अपनी life में enjoy करना भूल जाते है। जिन्दगी को खुशी से जीना भूल जाते है। आपकी जिन्दगो प्रभावित होने लगती है। आपके सपने आपके ख्वाब अधूरे रह जाते है।

मेहनत कर इतनी कि,
उसमें तुझे कभी कोई कमी न लगे।
खुद को, इस काबिल बना कि,
हर शख्स सिर्फ तुझ जैसा बनने की चाह रखे।

श्रीमती सेलिना स्वामी (अध्यापिका)

सेवा. निवृत्ति

(दिनॉक – 29 अप्रैल 2023)

श्रीमती शशि निगम(प्रवक्ता)

आपके साथ कुछ लम्हे,
कई यादें बतौर ईनाम मिले,
एक सफर पर आप आई और
आपसे तजुर्बे हमें तमाम मिले।

